दिनांक 29.11.2023 स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

सर्विस रोड पर निगम ने चलाया वृहद बेदखली अभियान जमीन समतल कर पार्किंग व्यवस्था दुरूस्त किये

भिलाईनगर। राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे सर्विस रोड पर निगम ने वृहद बेदखली अभियान चलाकर दक्षिण गंगोत्री एवं उत्तर गंगोत्री क्षेत्र के 35 स्थानो से कब्जा हटाने की कार्यवाही किए। जिन लोगों ने बाॅस बल्ली , ठेला गोमचे, बेनर पोस्टर, बोर्ड तथा विक्रय के लिए वाहन को रख थे उनसे दंड भी वसूला गया। सड़क पर डंप रेत, गिट्टी व अन्य निर्माण सामग्री को हटाकर सड़क को आवागमन के लिए खाली कराया गया। अभियान के दौरान 20800 जुर्माना भी वसूल किया गया। साथ ही 3 कंडम वाहन को भी सड़क से हटाया गया।
आयुक्त रोहित व्यास के निर्देश पर निगम भिलाई का अमला लावलस्कर के साथ प्रातः 10ः30 बजे दक्षिण गंगोत्री के सर्विस रोड पर कार्यवाही करने उतरे तो आटो डीलर अपने विक्रय के सेकेण्ड हैंड वाहनो को जी.ई.रोड और सर्विस रोड के बीच पार्किग स्थल पर प्रदर्शन हेतु लगाए हुए थे , उन्होने निगम की कार्यवाही को देखकर स्वयं अपने वाहनो को हटाना शुरू कर दिये , इसके अलावा सर्विस रोड के किनारे लगाए गए होर्डिग्स व साइन बोर्ड को भी उखाड़कर जप्ती बनाया गया। कई स्थानों पर ठेले खोमचे पर चाय, नाश्ता बेचने वालों के कारण सड़क में बाधा आ रही थी उसे बांस बल्ली से अस्थायी कब्जे तथा लोहे से बने गुमटी को जेसीबी से लिफ्ट कर जप्त किया गया।

तोड़फोड़ दस्ता के साथ चल रहे जे.सी.बी. सुपेल चौक से लेकर प्रयास स्कूल के सामने तक सर्विस रोड के किनारे जमीन को समतल कर चूना मार्किंग किया गया ताकि उक्त स्थल पर व्यवस्थित रूप से लोग अपना वाहन खड़े कर सके। कार्यवाही के दौरान 7 स्थानों से अवैध कब्जा, 16 स्थानों से वाहन विक्रेता को हटाया गया वहीं स्ट्रीट वेंडर्स के रूप में 15 फूल विक्रेता जो सड़क पर सामान फैलाकर व्यवसाय कर रहे थे उन्हें आवंटन के अतिरिक्त किए गए घेरे को गुरूवार को स्वयं से हटा लेने को कहा गया है। बेदखली अभियान का नेतृत्व अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी, अभियान के नोडल अधिकारी प्रीति सिंह , जोन आयुक्त खिरोद्र भोई , ट्राफिक उप अधीक्षक पीड़ी चंद्रा कर रहे थे, उन्होने वाहन विक्रेताओ से कहा की चिन्हित पार्किंग स्थल पर विक्रय के वाहन प्रदर्शन के लिए न रखे। अभियान में नामांकित अधिकारियों के साथ यातराम चंद्राकर , राजेश गुप्ता, दिनेश बेलचंदन, इमान सिंह, गौकरण, खेमलाल यादव, चैतु, मानसिंह, यातायात पुलिस बल साथ रहे।